बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेलीफोन -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तारित क्र. 487

## प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 87वें व्यवसाय आरंभ दिवस का आयोजन
## विविध डिजिटल प्रोडक्ट और सेवाएं लॉन्च की गईं

**पुणे, 09 फरवरी, 2022:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा **8** फरवरी, **2022** को अपने प्रधान कार्यालय, पुणे में वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से **87**वां व्यवसाय आरंभ दिवस मनाया गया और विविध डिजिटल प्रोडक्ट और सेवाएं लॉन्च की गईं। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री ए. बी. विजयकुमार व श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक तथा महाप्रबंधकगण इस कार्यक्रम में प्रमुखता से उपस्थित थे। देशभर के 40 अंचल प्रबंधक और उनकी टीम कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ी थी।

श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तीय वर्ष -**22** की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा के उपरांत बैंक एक मिड-साइज बैंक बनकर बैंकिंग के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और इसे विशेष अवसर बताया क्योंकि देश "आजादी का अमृत महोत्सव" मना रहा है। श्री राजीव ने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और ग्राहक संतुष्टि के संवर्धन के लिए बैंक के डिजिटल चैनल को और अधिक कुशल बनाने के महत्व पर जोर देते हुए, लगातार अच्छा प्रदर्शन करने हेतु बैंक स्टाफ की सराहना की। श्री राजीव ने बैंक की ऐतिहासिक वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की, जो कि महाराष्ट्र राज्य के बाहर **35%** से **40%** तक पहुंच गया है और समय के साथ एससीबी के बीच बैंक की बाजार हिस्सेदारी में अच्छा सुधार हुआ है।

श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांच - टी यथा - ट्रस्ट (बैंक के सम्माननीय ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के बीच विश्वास निर्माण), ट्रान्सफॉर्मेशन (प्रोएक्टिव माइंडसेट को विकसित करने के संदर्भ में परिवर्तन), टेक्नॉलॉजी (प्रौद्योगिकी जो बैंक की प्रगति के लिए जोर दिया जाने वाला क्षेत्र है), ट्रान्सपैरन्सी (सभी संभव स्तरों में पारदर्शिता का पालन किया जाना) तथा टीम वर्क (टीम वर्क जिसका उपयोग भविष्य का नेतृत्व बनाने के लिए हो) इत्यादि गुणों पर जोर दिया। श्री विजयकुमार ने कहा कि बैंक व्यवसाय वृद्धि के मामले में नंबर **1** होने के अतिरिक्त डिजिटल बैंकिंग और हैप्पीनेस इंडेक्स के मामले में उद्योग में एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए भी बैंक नंबर **1** होने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सरकारी सुरक्षा योजनाओं को दूरदराज तक पहुंचाना चाहिए।

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक सदस्यों को नमन किया और कोविड के प्रारंभिक अवधि में निर्बाध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु फील्ड स्तर पर फ्रंटलाइन स्टाफ की सराहना की। उन्होंने सरकार, रेग्यूलेटर, प्रतिष्ठित ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने इस गौरवपूर्ण यात्रा को संभव बनाया। उन्होंने आजादी के पहले से लेकर आज तक की बैंक की गौरवपूर्ण यात्रा और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक मजबूत स्तंभ के रूप में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के योगदान का उल्लेख किया। श्री आशीष पाण्डेय ने तीन प्रमुख आधार स्तंभों यथा - व्यक्ति, प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी को मजबूत करने पर जोर दिया, जिनसे संगठन प्रगति करता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि डिजिटल पहल के मामले में बैंक अधिक दक्षता अपनाने के लिए

दृढ़ता से तैयार है, जो सेवाओं के वितरण के लिए टर्न-अराउंड समय को कम करने के साथ ही उचित अनुपालन बनाए रखने में महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर बैंक ने अपने डिजिटल डिलीवरी मेकैनिजम को मजबूत करने के लिए वर्चुअल रूप से कई डिजिटल प्रोडक्ट लॉन्च किए, जिसमें ऑनलाईन लॉकर एप्लीकेशन, बीमा दावा निपटान पोर्टल का शुभारंभ और बॉमी – (एक चैटबोट सुविधा) शामिल है जो ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों के साथ सहायता करने के लिए बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। बहुभाषी मोड में व्हाट्सएप बैंकिंग, गोल्ड लोन ग्राहकों की डिजिटल ऑन-बोर्डिंग, फार्म हाउस के निर्माण के लिए ऋण की डिजिटल ऑन-बोर्डिंग, कृषि फार्म मशीनीकरण हेतु कार्यशील पूंजी की स्वीकृति के समय कॉन्ट्रॅक्टर और ईपीसी कॉन्ट्रॅक्टर को 100 करोड़ रुपये तक का पूर्व-स्वीकृत ऋण और ऋण की डिजिटल ऑन-बोर्डिंग, क्लस्टर एप्रोच के अंतर्गत कृषि/ खाद्य प्रोसेसिंग इकाइयों और कृषि इन्फ्रा परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधा के साथ महा कृषि समृद्धि योजना, ऑनलाइन म्युचुअल फंड, डिजिटल इन्फॉर्मेशन सेक्यूरिटी बुक का लोकार्पण आदि शामिल हैं।

समारोह का शुभारंभ बैंक के संस्थापक सदस्यों की तस्वीर पर माल्यार्पण और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। श्री वी. एन. कांबळे, महाप्रबंधक, संसाधन आयोजना ने ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सभी हितधारकों का स्वागत किया। डॉ. प्रदीप मिश्रा, उप महाप्रबंधक, संसाधन आयोजना द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा द्वारा किया गया।




**फोटो में (बाएं से दाएं)** : श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र